हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

NEWS

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 03 अंक–289 : जौनपुर, शनिवार 26 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रुपया


## लखनऊ के भी कई लोग फंसे : बंकर में ली शरण, 50 का खाना 300 में बंटा :सरकार से अपील– जल्दी बुलाओ

लखनऊ ब्यूरो : युक्रेन में फंसे लखनऊ के छात्रों की सुरक्षा को लेकर शहरियों की बेचौनी बढ़ती जा रही है। शहर के विभिन्न इलाकों से वड़ी संख्या में बच्चे वहां मेडिकल की पढ़ाई करने गए हैं। इन छात्रों ने अपने परिवारीजनों से वहां के जैसे हालात बयां किए हैं, उससे उनकी आंखों की नींद उड़ी हुई है। कहीं बंकर में सैकड़ों की संख्या में भारतीय छात्रों को शिफ्ट कर दिया गया है तो कहीं किसी स्कूल में। कोई आधा पेट खाकर काम चला रहा है तो किसी को इससे भी कम भोजन नसीब है। तमाम युवा वीडियो संदेश भेजकर वहां से निकालने की गुहार लगा रहे हैं। इनके अभिभावक भी सुरक्षित घर वापसी के लिए सोशल मीडिया के जरिये सरकार पर दबाव बना रहे हैं। युक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को विकट स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। एल्डिको निवासी अनिल कुमार गुप्ता की बेटी गरिमा गुप्ता ने बताया कि वे लोग किसी तरह से गूगल सर्च की मदद से भारतीय दूतावास पहुंचे। लेकिन भीषण ठंड में भीगते हुए साढ़े छह घंटे इंतजार करने के बाद उन्हें रुकने के लिए जगह मिली। दूतावास की इस मदद के बावजूद खाना–पानी पर्याप्त नहीं है। इन्हें नहीं पता कि कब तक उन्हें वहां रुकना होगा...खाना कब तक मिल पाएगा। इनके सामने एक बड़ा संकट मोबाइल चार्जिंग को लेकर भी है। गरिमा भी इसे बाद कुछ और नहीं बता पाई क्योंकि उसके मोबाइल की बैटरी खत्म हो रही थी। सिर्फ गरिमा ही नहीं जानकीपुरम निवासी जेएस चौहान की बेटी ऋति सिंह भी इस वक्त अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन पर दोस्तों के साथ सरण लिए हुए है। वहां तापमान माइनस दो डिग्री है और लगातार हो रहे धमाके डरा रहे हैं। खाने–पीने के लिए भी वही है, जो साथ में बैग में लाए हैं। रहने के लिए सुरक्षित स्थान और खाने का संकट किस तरह बढ़ गया है, इसका अंदाजा फूलबाग निवासी राम कुमार सिंह की बेटी मधु के हालात से भी लगाया जा सकता है। मधु और उसके साथी शुक्रवार सुबह छह बजे दूतावास पहुंच गए थे पर बहुत मिन्नतों के बाद बगल के स्कूल में रहने को ठिकाना 10 बजे मिल सका। इस स्कूल में तीन–चार सौ लोग हैं, मगर खाना महज 50 लोगों के लिए मिल पाया। जिसे सबने मिल–बांट कर खाया।लखनऊ के ही छात्र शशांक मिश्रा बताते हैं कि तड़के सायरन बजते ही सभी छात्र–छात्राओं को बंकर में भेज दिया गया था। अनहोनी न होने पर वे लोग निकले लेकिन दोपहर करीब दो बजे फिर सायरन बजने पर बंकर ही ठिकाना बना। शशांक भाग्यशाली है कि जिन फ्लैटों में छात्र–छात्राएं रह रहे हैं, उसके नीचे ही बंकर बना हुआ है। मुश्किल से मिला आश्रय यूक्रेन में फंसी लखनऊ के फूलबाग निवासी राम कुमार सिंह की बेटी मधु कहती हैं कि शुक्रवार सुबह छह बजे हम लोग दूतावास पहुंचे थे। दस बजे तक बाहर ही रहे। बहुत मिन्नतों के बाद हमें बगल के स्कूल में आश्रय दिलाया गया। यहां 300–400 के करीब लोग हैं, मगर खाना महज 50 लोगों के लिए था, जिसे मिलबांट कर खाया। लगातार धमाकों की आवाज डरा रही है, हमें जल्द से जल्द यहां से निकाला जाए। ठंड और ऊपर से बारिश, मोबाइल की बैटरी और खाना भी खत्म एल्डिको निवासी अनिल कुमार गुप्ता की बेटी गरिमा गुप्ता ने बताया कि वे लोग किसी तरह से गूगल सर्च की मदद से भारतीय दूतावास पहुंचे। ठंड में भीगते हुए साढ़े छह घंटे इंतजार के बाद शेल्टर मिला। दूतावास हमारी मदद कर रहा है, लेकिन खाना–पानी पर्याप्त नहीं है। इसे लेकर हम डरे हैं कि कुछ और दिन रुकना पड़ा तो कैसे चलेगा। कोई मेट्रो के नीचे, कोई बंकर में, जहां जिसे जैसी जगह मिली, वक्त गुजार रहा है। अब मेरा मोबाइल भी बंद हो रहा है, किसी से बता नहीं होगी। माइनस दो डिग्री पारा, अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन पर आश्रय जानकीपुरम निवासी जेएस चौहान की बेटी ऋति सिंह भी इस वक्त अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन पर दोस्तों के साथ हैं। ऋति कहती हैं कि माइनस दो डिग्री तापमान, तेज धमाके डरा रहे हैं। हम सबके पास खाने को वही है, जो हमारे बैग में है। हम जल्द से जल्द अपने वतन लौटना चाहते हैं। मेडिकल छात्रों को बंकर में किया गया शिफ्ट छात्र शशांक मिश्रा ने बताया कि तड़के अलार्म बजते ही सभी छात्र–छात्राओं को बंकर में भेज दिया गया था। कोई अनहोनी न होने पर उन्हें बाहर निकाला गया। दोपहर करीब दो बजे एक बार फिर से अलार्म बजने पर दोबारा सभी को बंकर में भेजा गया। शशांक ने बताया जिन फ्लैट में सभी छात्र–छात्राएं रह रहे हैं, उसी के नीचे बंकर बना हुआ है। छात्रा ऋषिका घोष की मां रुपाली घोष ने बताया वहां अभी हालात सामान्य नहीं हैं। छात्रों के सामने खाने का संकट है। मेरे बेटे को बुलवा दीजिए गोसाईंगंज निवासी संगीता मिश्रा ने ट्वीट करके मदद मांगी है। उनका बेटा सक्षम मिश्रा भी वहां फंसा हुआ है। उनका कहना है कि वो इसलिए कुछ नहीं कह रहा क्योंकि उसे लगता है कि मम्मी परेशान होंगी, पर मैं चाहकर भी धैर्य नहीं रख पा रही हूं, मैं चाहती हूं कि सभी बच्चे जल्द से जल्द सकुशल लौटें। मुखर नहीं हो पा रहे कई डॉक्टर यूक्रेन में पढ़ाई कर रहे भारतीयों विद्यार्थियों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। मदद के लिए लोग भारत सरकार से गुहार लगा रहे हैं। मदद की गुहार करने वालों में लोहिया संस्थान और केजीएमयू के कुछ डॉक्टर भी हैं। हालांकि अभी भी इस मुद्दे पर मुखर होकर सामने नहीं आ रहे हैं। भारत के मुकाबले यूक्रेन में डॉक्टर की पढ़ाई के लिए दाखिला अपेक्षाकृत आसान है। ऐसे में यहां मेडिकल एग्जाम न पास करने पर कई डॉक्टरों ने अपने बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भेजा हुआ है। मगर वे इस बारे में खुलकर बोलने को तैयार नहीं हो रहे। छात्रा ऋषिका घोष की मां रुपाली घोष ने बताया वहां अभी हालात सामान्य नहीं हैं। छात्रों के सामने खाने का संकट है। एडवाइजरी में देरी की वजह से फंसे छात्र आरडीएसओ स्थित विक्रम नगर निवासी एपी श्रीवास्तव के बेटी अमीषा श्रीवास्तव यूक्रेन के खारकिव शहर में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे देश यूक्रेन के हालात को लेकर पहले ये ही अलर्ट थे। उन्होंने एडवाइजरी जारी कर अपने देश के बच्चों को वहां से निकाल लिया। वहीं भारत सरकार ने एडवाइरी काफी देर से जारी की है। इससे बच्चों को निकलने का मौका ही नहीं मिला। अब कहा जा रहा है कि बच्चे वाहन का इंजताम कर एयरपोर्ट तक पहुंचें। जबकि खारकिव शहर के सबसे नजदीक का एयरपोर्ट भी 1200 किमी दूर है। ऐसे में सरकार की मदद के बगैर बच्चे कैसे निकल सकते हैं। उन्होंने सरकार से सभी छात्र–छात्राओं की मदद करने की मांग की। एयरपोर्ट सील, कैसे निकलें बच्चे ठाकुरगंज के तहसीनगंज निवासी रश्मि श्रीवास्तव की बेटी तरीचिका श्रीवास्तव यूक्रेन के खारकिव शहर में एमबीबीएस की शिक्षा हासिल कर रहीं हैं। बेटी से लगभग रोज बात हो रही है, लेकिन शुक्रवार सुबह से बात नहीं हो पाई, जिससे चिंता बढ़ गई है। एयरपोर्ट सील कर दिए हैं। बच्ची किन हालात में रह रही है बता पाना मुश्किल है। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि वहां फंसे बच्चों को जल्द से जल्द निकलवाएं। मां मांग रही सलामती की दुआ मोहनलालगंज के खुजौली गांव के रिटायर्ड अध्यापक मोहम्मद हुसैन ने बताया कि बेटे ताहिर को भारत आने के लिए टिकट मिल गया था। इस बीच युद्ध शुरू हो गया। ताहिर ने वहां से बताया है कि वह पंद्रह भारतीय छात्रों के साथ बंकर में रह रहा है। एयरपोर्ट व सड़कें तबाह होने के कारण दूतावास के कर्मचारी छात्रों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। खाने–पीने के सामान की किल्लत है। पिता ने बेटे को लौटा लाने की गुहार लगाई है। ताहिर की मां असगरी बेगम बेटे की सलामती की दुआ कर रही हैं। परिवार से मिली अरीबा हैं खुश, दोस्तों के लिए चिंतित इंदिरानगर निवासी जमील खान की बेटी अरीबा खान यूक्रेन के इवानों फ्रांकिसिस्क शहर के इवानों फ्रांकिविस्क मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की छात्रा की हैं। जंग हालात शुरू होते ही करीब एक महीना पहले उन्होंने यूक्रेन छोड़ दिया था। अब वो अपने परिजनों के साथ होने पर खुदा का शुक्र अदा कर रहीं हैं। हालांकि वो अपने दोस्तों और यूक्रेन में फंसे अन्य भारतीयों के लिये चिंतित हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर से महज तीन किमी दूर सबसे महफूज समझे जाने वाले एयरपोर्ट को रूस ने उड़ा दिया है। उन्होंने बताया कि तमाम बच्चे फ्लाइट का टिकट मंहगा होने की वजह से यूक्रेन नही छोड़ सके हैं। इस समय यूक्रेन का किराया 59 हजार रुपये है। उन्होंने सरकार से किराया कम करने की मांग की।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा मानदेय मतदान कर्मियों को रवाना होने से पूर्व करा दिया जाएगा उपलब्ध– जिला निर्वाचन अधिकारी

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कला संकाय में 20 फरवरी से अलग–अलग पालियों में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान कर्मियों को ईवीएम व वीवी पैट की विस्तृत ट्रेनिंग दी जा रही जो 27 फरवरी तक चलेगा मतदान कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने निर्देशित किया कि मतदान कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सकुशल मतदान संपन्न कराएं जिससे किसी मतदान कर्मी पर आरोप–प्रत्यारोप ना लगाया जा सके मतदान कर्मियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के द्वारा मतदान स्थल पर रवाना होने से पूर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट के द्वारा मानदेय उपलब्ध करा दिया जाएगा कोई भी मतदान कर्मी ग्राम प्रधान पार्षद या प्रत्याशी के अधीन रह कर कार्य नहीं करेगा ना ही मतदान कर्मी किसी प्रत्याशी या प्रधान के घर जलपान या विश्राम करेगा वह लगाए गए ड्यूटी स्थानों पर रह कर दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेगा ईवीएम व वीपी पैट में किसी भी प्रकार की दिक्कत आती है तो तत्काल रिटर्निंग अफसर को अवगत कराते हुए सर्विस इंजीनियर से ईवीएम वीवी पैट को दुरुस्त करा कर मतदान कराने की प्रक्रिया को प्रारंभ करेंगे जिससे मतदान केंद्रों पर पहुंचे हुए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कुशलतापूर्वक कर सके कोई भी मतदान कर्मी किसी भी मतदाता को किसी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित नहीं करेगा मतदाता स्वतंत्र व निष्पक्ष है जिसके पक्ष में चाहे उसके पक्ष में मतदान करेगा किसी भी मतदान केंद्र पर इस तरह की शिकायत नहीं आनी चाहिए मतदान कर्मी मतदाता को किसी प्रकार का प्रलोभन या दबाव दे रहे हैं अगर ऐसी शिकायत मिलती है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही किया जाएगा। इस दौरान स्वीप/ कार्मिक प्रभारी/ सीडीओ इंद्रजीत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बीएसएनएल मोबाइल टावर पर युवक चढ़ा : पुलिस ने युवक को बचाया

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : कैंट थाना क्षेत्र के पुलिस लाइंस के सामने स्थित मुसाफिर खाना में बीएसएनएल के मोबाइल टावर पर शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे एक 22 वर्षीय युवक चढ़ गया। युवक को चढ़ा देखकर सैकड़ों की संख्या में भीड़ जुट गई। इस दौरान किसी ने सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर तत्काल जटेपुर चौकी की पुलिस, डायल 112 व दमकल की गाड़ी उसे बचाने के लिए आ गई। घंटो मशक्कत के बाद करीब 11:30 पुलिस ने युवक को समझाकर नीचे उतारा और चौकी पर ले गई। मऊ के मधुबन थानाक्षेत्र के उसरी गांव का रहने वाला है। उसका नाम आसिफ अली है 3 दिन पहले इलाज के लिए आया था पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया कि वह मऊ के मधुबन थानाक्षेत्र के उसरी गांव का रहने वाला है। उसका नाम आसिफ अली है और उसके पिता का नाम मोहम्मद अली है। उसकी एक बहन नाहिद है और भाई रहमत अली है। उसने बताया कि उसके पिता गांव में ही फुटपाथ पर कपड़ा बेचने का काम करते हैं। युवक 11वीं पढ़ता है और 3 दिन पूर्व दवा कराने के लिए बस से गोरखपुर आया था। इसके बाद वह घ्मुसाफिर खाना में रूक गया, जिसका भाड़ा उसने 70 प्रतिदिन के हिसाब से 3 दिन का 210 रूपये दिया था। युवक ने पुलिस से बताया कि उसके पिता अब नहीं है उन्हें भी गांव वाले पीटते रहते थे जिससे उनकी मौत हो गई।युवक ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मौलवी उसे घसीटकर मारने लगे। उनसे बचने के लिए वह टावर पर चढ़ गया। हालांकि वह यह नहीं बताया कि उसे क्यों मार रहे थे। वहीं युवक ने यह भी कहा कि गांव पर भी उसे लोग अक्सर मारते रहते हैं। इसलिए वह गांव पर नहीं रहता। उसने बताया कि उसका इलाज गोरखपुर में डॉ बेरी के यहां चलता है। उन्हीं को वह दिखाने आया था लेकिन पैसा न होने के कारण दिखा नहीं पाया। चौकी इंचार्ज ने युवक को चाय पिलाया और खाना खिलाया। साथ ही उसका अपने पास से दवा कराया। पुलिस उसके घरवालों से संपर्क कर उन्हें सुपुर्द करने का प्रयास कर रही है। युवक घरवालों का नंबर नहीं बता पा रहा है। पुलिस के अनुसार वह मानसिक रूप से बीमार है। चौकी इंचार्ज अमित गुप्ता ने बताया कि युवक को नीचे उतारा गया है। करीब एक घंटा वह टावर पर चढ़ा रहा। युवक मानसिक रूप से बीमार है, मुसाफिर खाना के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। उसके घरवालों का पता लगाकर उसे धर भिजवाया जाएगा।

## थाने में फंदे से लटकता मिला दरोगा का शव : मचा हड़कंप

बाराबंकी ब्यूरो : बाराबंकी जिले की फतेहपुर कोतवाली में तैनात दरोगा का शनिवार की सुबह थाने में बने आवास के बरामदे में फंदे से शव लटकता मिला। इसकी जानकारी पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। उसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। फतेहपुर कोतवाली के हल्का नंबर 4 में तैनात सब इंस्पेक्टर वेद प्रकाश यादव आजमगढ़ जिले के थाना कंधरा के पुलभूलपर के मूल निवासी हैं। उनकी पत्नी व दो बच्चे लखनऊ में रहते हैं। 2012 बैच के दरोगा वेद प्रकाश जिले के असंद्रा थाना क्षेत्र में दिलावरपुर चौकी के इंचार्ज थे। सितंबर माह में उनका तबादला फतेहपुर कोतवाली में हुआ था। शनिवार को काफी समय बीतने के बाद सब इंस्पेक्टर आवास से बाहर नहीं निकले तब चौकी इंचार्ज ने उन्हें फोन किया। कई बार फोन करने पर जब फोन नहीं उठा तो वह मौके पर पहुंचे तो सभी दरवाजे अंदर से बंद मिले। जिस पर एक चौकीदार को दीवार के रास्ते अंदर भेजा गया तो दरोगा



का शव बरामदे में रस्सी से लटकता मिला। जिससे हड़कंप मच गया। मामले की सूचना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस के अधिकारियों व परिजनों को दी। जिस पर लखनऊ में रहने वाली दरोगा की पत्नी मौके पर पहुंची। एएसपी पूर्णेन्दु सिंह ने बताया दरोगा मानसिक रूप से परेशान था उसका इलाज लखनऊ के प्रतिष्ठित डॉक्टर से चल रहा था।

## भाजपा ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र : मतदान केंद्र पर मोबाइल ले जाने की अनुमति दे आयोग

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने निर्वाचन आयोग से मतदाताओं को मतदान केंद्र में स्विच ऑफ मोड में मोबाइल साथ रखने की अनुमति देने की मांग की है। पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय शुक्ला को पत्र लिखकर प्रत्येक बूथ के बाहर हेल्प डेस्क या बीएलओ के पास फोन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। चुनाव आयोग संपर्क विभाग के प्रभारी अखिलेश अवस्थी ने बताया कि भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ से इस संबंध में मुलाकात की है। उन्होंने बताया कि बूथ पर तैनात सुरक्षाकर्मी मोबाइल के साथ मतदाता को मत डालने की अनुमति नहीं देते हैं। मतदाता से फोन वापस रख कर आने को कहा जाता है। ऐसे में मतदाता वोट डालने दोबारा मतदान स्थल पर नहीं आता है। प्रदेश में पहले चार चरणों में हुए मतदान में ऐसी शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि एक ओर आयोग ने मतदान केंद्र के बाहर सेल्फी प्वाइंट बनाए हैं, वहीं दूसरी ओर मोबाइल को प्रतिबंधित गया है। यह गलत है।

**आवश्यक सूचना**

यूक्रेन में किसी भारतीय को सहायता या सूचना की जरूरत हो तो Ukraine Control Room, Ministry of External Affairs को Contact करिये।
1800118797 (Toll free)
Phones:
91 11 23012113, 91 11 23014104, 91 11 23017905
Email: situationroom@mea.gov.in
**उपयोग करें या सबको बाँट दें–मनोज तिवारी सांसद दिल्ली**

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## चंदन व सौरभ विश्वकर्मा छः माह के लिए जिला बदर

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जिला बदर अपराधी सौरभ व चंदन विश्वकर्मा के घर पर की गई मुनादी एवं नोटिस चस्पा एवं जिला बदर अभियुक्त को गोरखपुर जनपद में नहीं करना है 6 माह तक प्रवेश। सामान्य निर्वाचन 2022 विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा ने जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की सुकृति पर चंदन विश्वकर्मा व सौरभ विश्वकर्मा को 6 माह के लिए महराजगंज जनपद के लिए जिला बदर किया अगर 6 माह से पूर्व गोरखपुर जनपद में प्रवेश करते हैं तो इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी थाना राजघाट पुलिस ने सौरभ व चन्दन विश्वकर्मा के घर पहुंचकर मुनादी वर डुगडुगी पिटवा कर मोहल्ले वालों को सूचित व अवगत कराया कि चंदन व सौरव विश्कर्मा पुत्रगण राजू विश्वकर्मा निवासी गण मिर्जापुर थाना राजघाट जनपद गोरखपुर के घर छ माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है।

## पोस्टल बैलेट से मतदान करना मतदान कार्मिक का अधिकार– डीएम

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी विजय किरन आनंद दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर के कला संकाय में 20 फरवरी 2022 से पड़ रहे पोस्टल बैलेट का निरीक्षण करते हुए बीके त्रिपाठी ने जोया रोड स्थित एलएसए स्कूल में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। कहा कि जितने भी मतदान कार्मिक प्रशिक्षण ले रहे हैं, उन कार्मिकों का शत प्रतिशत पोस्टल बैलट द्वारा मतदान होना चाहिए। कोई भी कार्मिक बिना मतदान के नहीं रहना चाहिए। तीनों पालियों में आने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण लेने के बाद पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करना आवश्यक होगा। मतदान कार्मिकों ने बढ़–चढ़कर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। अब तक दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कला संकाय में 5000 से अधिक मतदान कर्मी अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर उत्सुकता दिखाई है मतदान की प्रक्रिया 27 फरवरी 2022 तक चलेगा छूटे हुए मतदान कर्मियों का मतदान 28 फरवरी को शाम 5 बजे तक कराया जाएगा जिससे अधिक से अधिक मतदान कर्मी अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने पसंदीदा उम्मीदवार का चयन कर गोरखपुर के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का योगदान दे सकें इस दौरान स्वीप/कार्मिक प्रभारी/ सीडीओ इंद्रजीत सिंह डॉक्टर संजय सिंह बृजेश यादव संजय यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## आग से निपटने के लिए फायर फाइटिंग/ फोम टेन्डर फायर ड्रिल किया गया

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : सामान्य निर्वाचन 2022 विधानसभा चुनाव के छठे चरण में गोरखपुर जनपद में किसी प्रकार की घटना व दुर्घटना से निपटने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जा रहा है जिस के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार के नेतृत्व में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर वीवीआईपी भ्रमण के दृष्टिगत सीएफओ गोरखपुर के पर्यवेक्षण में चुनाव के दौरान आने वाली आग लगने जैसी विषम परिस्थितियों को देखते हुए फायर फाइटिंग/फोम टेन्डर फायर ड्रिल किया गया । चुनाव के दौरान वीवीआईपी कार्यक्रम पर फोम टेन्डर के वाहनों को अन्य जनपदों में भी भेजा जाता है, जिसके दृष्टिगत गाड़ियों व उपकरणों की वैद्यता, गुणवत्ता व सुचारू रूप से चलने की स्थिति को चेक की गयी जो सभी सही कन्डिशन में मिली । फायर फाइटिंग से सम्बन्धित आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। फोम टेन्डर फायर सर्विस जो मुख्य रूप से हेलीपैड पर लगती है। जिससे किसी भी विषम परिस्थिति से निपटा जा सके।

## ट्रैक्टर के धक्के से वृद्ध महिला घायल : हालत गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के लोहियानगर बाजार में ट्रैक्टर के धक्के से वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।उसे इलाज के लिए सीएचसी डोभी लाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। क्षेत्र बलरामपुर गांव निवासी संकठा सिंह की पत्नी हंसराजी देवी (74)जो लोहियानगर मोड़ से घर जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहीं थीं को पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को देने के साथ ही सीएचसी डोभी लाया जहां डॉक्टरों ने औपचारिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।पुलिस ट्रैक्टर को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–
पैर फिसल जाये तो संभल सकते हैं, जुबान फिसल जाये तो गहरा घाव कर देती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कूटनीतिक परीक्षाः यूक्रेन संकट से मुश्किल में इमरान खान

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अपनी पहली मास्को यात्रा से लौट आए हैं। यूक्रेन पर रूसी हमले की आशंका के बीच इमरान खान मास्को पहुंचे थे। हर कोई हैरान था कि ऐसे माहौल में वह रूस की यात्रा कैसे कर सकते हैं! लेकिन उन्हें आमंत्रित करने वाले रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यात्रा स्थगित नहीं की, बल्कि एक जोरदार संदेश दिया कि इस क्षेत्र में अब भी ऐसे मित्र हैं, जो मंत्रियों और पत्रकारों के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ मास्को की यात्रा कर रहे हैं।

मास्को के लिए उड़ान भरने से ठीक पहले इमरान खान ने कहा था, मैं उम्मीद कर रहा हूं कि यूक्रेन का संकट शांतिपूर्ण तरीके से हल हो जाएगा। मैं सैन्य संघर्ष में विश्वास नहीं करता। एक अधिकारी के मुताबिक, इमरान खान के लिए रूसी कंपनियों के सहयोग से प्रस्तावित, पर दीर्घकाल से रुकी अरबों डॉलर की गैस पाइपलाइन पर जोर देना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा पुतिन ने इस्लामोफोबिया के खिलाफ दुनिया भर के मुसलमानों का समर्थन किया है। कुछ समय पहले पुतिन ने एक बयान में कहा था कि इस्लामोफोबिया से बचना चाहिए। इस बयान के तुरंत बाद इमरान खान ने एक ट्वीट में मुसलमानों का समर्थन करने के लिए पुतिन को धन्यवाद दिया था।

पाकिस्तान इस समय सबसे कठिन कूटनीतिक परीक्षा का सामना कर रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हो चुका है, जबकि दोनों ही देशों के साथ इस्लामाबाद के राजनयिक संबंध हैं। इमरान ने मास्को के लिए जैसे ही उड़ान भरी, वैसे ही पुतिन ने यूक्रेन के दो क्षेत्रों को अलग–अलग देशों की मान्यता दी और वहां अपने सैनिक भेजने की धमकी दी। रूस ने दोनेत्स्क और लुहांस्क पीपुल्स रिपब्लिक को मान्यता दी है, जिनका गठन 2014 में पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी आंदोलनों द्वारा हुआ था। पाकिस्तान के यूक्रेन के साथ भी अच्छे संबंध हैं, इसलिए इमरान के मास्को दौरे का समय कूटनीतिक रूप से बहुत नाजुक है। इसी दुविधा को देखते हुए इमरान खान ने मास्को जाने से पहले एक रूसी टीवी चौनल से कहा था कि पाकिस्तान किसी का पक्ष नहीं लेगा और न इस क्षेत्र में किसी गुट का हिस्सा बनेगा।

वर्षों बाद किसी पाक प्रधानमंत्री ने रूस का दौरा किया है। दरअसल सोवियत संघ द्वारा अफगानिस्तान पर हमला करने के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्ते ठंडे पड़ गए थे। पाकिस्तान ने तब की दूसरी महाशक्ति सोवियत संघ से लड़ने और अफगानिस्तान से उसे बाहर निकालने के लिए अन्य देशों का पक्ष लिया था। लेकिन अफगानिस्तान और पाकिस्तान की ऊर्जा संसाधनों में दिलचस्पी लेने के कारण, जिसे रूस गैस के रूप में निर्यात करने के लिए तैयार था, द्विपक्षीय रिश्ते धीरे–धीरे पटरी पर आने लगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ को मास्को आमंत्रित किया गया था। पिछले साल द्विपक्षीय संबंधों में काफी सुधार हुआ, जब रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव असैन्य और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक के लिए इस्लामाबाद पहुंचे थे। करीब नौ वर्षों के बाद किसी रूसी विदेश मंत्री ने पाकिस्तान का दौरा किया था।

यूक्रेन पर रूसी सेना के हमले के बाद युद्ध शुरू हो चुका है और इससे पाकिस्तान में नीति निर्माताओं की चिंता काफी बढ़ गई है। प्रधानमंत्री इमरान खान का यह बयान, कि इस मामले के हल के लिए शांतिपूर्ण और कूटनीतिक तरीका खोजना होगा, उस क्षेत्र और दुनिया को यह संदेश देने की कोशिश थी कि पाकिस्तान यूक्रेन के साथ बेहतर संबंध बनाए रखना चाहता है, जो उसका बड़ा व्यापारिक साझीदार है। चीन के भी यूक्रेन के साथ बड़े व्यापारिक हित जुड़े हुए हैं। यूक्रेन के साथ पाकिस्तान का व्यापार गेहूं के आयात से लेकर रक्षा सौदों तक है। द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों के कारण इस्लामाबाद ने यूक्रेन में एक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को राजदूत बनाए रखा है। इमरान की मास्को यात्रा से ठीक पहले यूक्रेन में पाकिस्तान के राजदूत सेवानिवृत्त मेजर नोएल इजराइल खोकर ने यूक्रेन के पहले उप–विदेश मंत्री एमिन द्जेपर से मुलाकात कर यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए समर्थन जताया।

पाकिस्तान को अब इस बात की भी चिंता है कि रूस–यूक्रेन के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने से उसे गेहूं के आयात के लिए वैकल्पिक देशों की तलाश करनी होगी। यूक्रेन और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग भी है और यूक्रेन निर्मित टी–80 यूडी टैंक पाकिस्तान की बख्तरबंद वाहिनी का अहम हिस्सा हैं। दिलचस्प यह है कि एक समय सोवियत संघ के सैनिकों को अफगानिस्तान से बाहर निकालने के लिए पाकिस्तान अफगान मुजाहिदीन का समर्थन कर रहा था, लेकिन इन दिनों पाकिस्तान और रूस संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। इधर अफगानिस्तान में तालिबान ने जब अपनी अंतरिम सरकार बनाई, तो पाकिस्तान और रूस करीब आ गए और इस समूह में चीन भी शामिल हो गया। इन तीनों देशों के लिए मादक पदार्थ, उग्रवाद व आतंकवाद तथा शरणार्थी समस्या प्रमुख चिंताएं हैं। तीनों देश इन पर चर्चा के लिए कई बार मिल चुके हैं और समय आने पर तीनों अलग–अलग नहीं, बल्कि एक साथ ही काबुल को मान्यता प्रदान करेंगे।

पाकिस्तान को इस बात की भी चिंता है कि रूस की मौजूदा नीतियां चीन और रूस के संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। हाल ही में जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग चीन में मिले, तो बीजिंग ने रूस को आश्वस्त किया कि आगे नाटो का विस्तार होने की स्थिति में वह रूस का समर्थन करेगा। लेकिन उसी के साथ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने यह भी कहा कि वह यूक्रेन की संप्रभुता का समर्थन करते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# मतदान केन्द्र के अन्दर फोन पकड़े जाने पर निर्वाचन की गोपनीयता भंग करने के तहत दर्ज होगा एफ.आई.आर.

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को शांतिपूर्ण एवम् सूचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु जनपद में दिनांक 10.02.2022 से 12.03.2022 तक दण्ड प्रक्रिया संहिता धारा 144 लागू हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता एवम मतदान से पूर्व अंतिम 72 घंटो से लेकर मतगणना तक की एस0ओ0पी0 जारी की गई है, चूंकि स्थानीय अभिसूचना एवं परीक्षण के अनुसार कुछ ऐसी गतिविधियां है जिन पर नियंत्रण मतदान व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाए रखने हेतु आवश्यक है, जिसके क्रम में दिनांक 25.02.2022 से मतदान के दिन/यदि कोई पुनर्मतदान आवश्यक हो तो उसके समाप्ति तक पूरे जनपद में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निम्न प्रतिबंध लागू रहेगा। 1. किसी भी निर्वाचन बूथ के 100 मीटर सीमा में किसी भी प्रकार का मोबाइल फोन कैमरा या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक यंत्र ले जाना वर्जित होगा। निर्वाचन कार्मिक/अधिकारी एवम् पास धारक पत्रकार पास की शर्त के अनुसार इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे ,विशेषकर एजेंट और मतदाता मोबाइल फोन या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर बूथ के 100 मीटर परिधि में नहीं जायेगे। 'किसी मतदाता और एजेंट को बूथ पर फोन ले जाने की अनुमति नही है बूथ के अंदर फोन पकड़े जाने पर निर्वाचन की गोपनीयता भंग करने की धारा के तहत एफ.आई.आर दर्ज की जायेगी। 2. सभी गृह स्वागियों/भवन स्वागियों को निर्देश दिये जाते है कि मतदान के दिन उनके गृह/ अहाते/ भवन में मात्र उनके परिजन/ सेवक ही रहेंगे। किसी भी भवन में बाहरी व्यक्ति (जो अन्य दिवसों पर उस भवन में नही रहते हैं) को मतदान के समय भीड़ लगाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। 3. सभी निजी वाहन धारकों द्वारा अपने वाहन का प्रयोग मात्र अपने स्वयं के परिजनों के परिवहन हेतु प्रयोग किया जायेगा, न कि सार्वजनिक परिवहन हेतु। इस हेतु चेकिंग में पुलिस/ मजिस्ट्रेट का सहयोग करना अनिवार्य है। 'मतदेय स्थल के 200 मीटर की परिधि में निजी वाहनों का प्रयोग अनुमन्य नही होगा। 4. दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत शासकीय अधिकारियों को जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है, एवं उन्हे विधि व्यवस्था के अन्तर्गत कार्यपालक मजिस्ट्रेट की सभी शकि प्रदान की गयी है। अतःस्थलीय आवश्यकतानुसार यह मजिस्ट्रेट स्थानीय स्तर पर आवागमन, ठहराव, आचरण एवं किसी अन्य व्यवस्था के नियंत्रण ले करके अपने जोन/सेक्टर में लिखित या मौखिक (वीडियोग्राफी सहित) रूप से आदेश कर सकते है। इन व्यवस्थाओं का पालन भी अनिवार्य होगा। 5. मतदान के दिन मतदान स्थल पर या मतदान केन्द्रों के पास पहचान पर्ची वितरण के रूप में पोस्टर, ध्वज, प्रतीक या किसी भी अन्य प्रचार सामाग्री का प्रदर्शन नहीं किया जायेगा। 6. किसी भी स्थान पर 05 या 05 से अधिक व्यक्ति इस रूप में एकत्र नहीं होंगे कि उससे शान्ति व्यवस्था शंग होने की सम्भावना हो। उपर्युक्त आदेश पूर्व में पारित आदेश संख्या–762जे0ए0 दिनांक 10.02.2022 का अंग होगा।

# वाराणसी जिला जेल में बवालः 41 नामजद सहित कई अज्ञात बंदियों पर मुकदमा दर्ज

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी जिला जेल में शुक्रवार को हुए बवाल और तोड़फोड़ के मामले में जेलर की तहरीर पर 41 नामजद सहित दर्जनों अज्ञात बंदियों के खिलाफ लालपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। सभी के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति की क्षति, आपराधिक साजिश, बलवा,सरकारी कार्य में बाधा सहित तमाम धाराओं में जेलर वीरेंद्र कुमार की तहरीर पर मामला दर्ज हुआ। उपद्रवी बंदियों की सीसी कैमरे के जरिये पहचान की जा रही है। जिला जेल चौकाघाट में शुक्रवार सुबह एक बंदी की मौत के बाद गुस्साए बंदियों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल किया था। दो घंटे तक जेल परिसर अशांत रही। बंदियों ने प्रशासनिक कार्यालय, बैरक सहित जेल की एंबुलेंस में तोड़फोड़ की। तीन बंदी रक्षकों को भी कुछ देर के लिए बंधक बनाए रखा। इस दौरान पगली घंटी बजने के बाद पहुंची 10 थानों की फोर्स व पीएसी ने दोपहर तक स्थिति को नियंत्रित किया। बंदी के आक्रोशित परिजनों ने जेल के मुख्य द्वार पर लापरवाही के विरोध में जमकर नारेबाजी की। डीआईजी जेल, एडीएम सिटी, डीसीपी वरुणा ने घटना की छानबीन की। सिगरा थाना अंतर्गत छोटी गैबी निवासी राजेश जायसवाल (55 वर्ष) छह माह पूर्व से धोखाधड़ी मामले में जेल में निरुद्ध था। बृहस्पतिवार रात सीने में दर्द होने पर उसे मंडलीय अस्पताल ले जाया गया था और उपचार के बाद पुनः जेल में दाखिल कराया गया। शुक्रवार तड़के अचानक दोबारा तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में ही बंदी ने दम तोड़ दिया। इस संबंध में जेल अधीक्षक एके सक्सेना ने बताया कि बीमारी से बंदी की मौत हुई है। कुछ बंदियों ने माहौल खराब करने की कोशिश की, जिन्हें सीसी कैमरों के जरिए चिह्नित किया जा रहा है। मजिस्ट्रीयल जांच का आदेश दिया जिला कारागार में विचाराधीन बंदी राजेश कुमार जायसवाल की अभिरक्षा में शुक्रवार को श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय, कबीरचौरा में उपचार के दौरान हुई मौत की जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रीयल जॉच




का आदेश दिया है। जिला मजिस्ट्रेट कौशल राज शर्मा ने अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ को जांच अधिकारी नामित किया है और निर्देश दिया है कि एक महीने में जांच आख्या उपलबध कराएं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि जिला कारागार के अधीक्षक ने पत्र लिखकर विचाराधीन बंदी राजेश कुमार जायसवाल पुत्र बीके जायसवाल, निवासी डी–60/88 छोटी गैबी, सिगरा, थाना सिगरा की जेलगार्ड की अभिरक्षा में मृत्यु की मजिस्ट्रीयल जांच का अनुरोध किया था। पहले भी जेल में 10 घंटे तक चला था बवाल जिला जेल चौकाघाट में बंदियों के बवाल की यह पहली घटना नहीं है, इसके पूर्व दो अप्रैल 2016 में जेल बेकाबू हुआ था। बंदियों ने एक डिप्टी जेलर की पिटाई के बाद घंटे भर से अधिक समय तक बंधक बनाए रखा था। पथराव, आगजनी, फायरिंग से जेल की दीवारें दहल उठीं थी। कई बंदियों और सुरक्षा कर्मियों को चोटें आई थी। उस घटना की भी यादें ताजा हो गईं। इसके पूर्व 2014 में सेंट्रल जेल शिवपुर में बवाल हुआ था और कैदियों ने बंदी रक्षक समेत अन्य कर्मचारियों की बंधक बनाकर पिटाई की थी। जेल में चल रही वर्चस्व की लड़ाई विभागीय जानकारों के अनुसार जेल में इन दिनों बंदियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। पूर्वांचल के बंदियों की पश्चिम से ट्रांसफर होकर आए बंदियों से तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। पिछले कुछ दिनों से बैरक में मारपीट की घटनाएं भी हो चुकी हैं। हालांकि बंदी राजेश की मौत के बाद सभी एकजुट हो गए थे।

# वाराणसी के पिंडरा से कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय पर चुनाव आयोग ने लगाया 24 घंटे का प्रतिबंध

वाराणसी ब्यूरो : आपत्तिजनक बयान देने के मामले में शुक्रवार को चुनाव आयोग ने वाराणसी की पिंडरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय पर 24 घंटे का प्रतिबंध लगाया है। शनिवार की सुबह आठ बजे से यह आदेश लागू होगा। इस दौरान सार्वजनिक सभा, जुलूस, रैली, रोड शो और साक्षात्कार में शामिल होने बयान या कथन पर प्रतिबंध है। शुक्रवार की देर रात तहसीलदार ने कांग्रेस प्रत्याशी को आदेश की प्रति भी रिसीव करा दी है। दरअसल, पूर्व विधायक और पिंडरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय ने राशन वितरण पर आपत्तिजनक बयान दिया था और उसका वीडियो वायरल हुआ था। आदेश की अवहेलना पर होगी कार्रवाई चुनाव आयोग की ओर से इस मामले में उन्हें नोटिस जारी किया गया था। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि 26 फरवरी की सुबह आठ बजे से अगले 24 घंटे के लिए यह प्रतिबंध लागू रहेगा। सभी प्रकार के कार्यक्रम, आयोजन और अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। उन्हें निर्देश भी दिया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। इस दौरान निर्वाचन आयोग के आदेश की अवहेलना का कोई तथ्य संज्ञान में आता है तो निर्वाचन आयोग को सूचित किया जाएगा। आज रोड शो करेंगे दीपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा शनिवार को बनारस आएंगे। इस दौरान वह कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो में हिस्सा लेंगे और जनता से वोट की अपील करेंगे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि दीपेंद्र सिंह हुड्डा का कार्यक्रम कैंट विधानसभा, शहर उत्तरी और पिंडरा विधानसभा में रखा गया है। कांग्रेस किसान मोर्चा ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा कांग्रेस किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता ने जनता की गाढ़ी कमाई से निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को कचहरी गेट संख्या दो के समीप पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए संजय चौबे ने कहा कि कहा एनटीपीसी ने 2018–19 में बिजली का ज्यादा उत्पादन किया, लेकिन बिजली की खरीद कम की गई। इससे सरकारी कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा है। निजी कंपनियों से महंगे दर पर बिजली की खरीद से कोरोना की मार झेल रही जनता को महंगाई की अतिरिक्त मार पड़ी है। आरटीआई से मिली जानकारी का हवाला देते हुए सरकार से एसआईटी गठित कर जांच कराने की मांग की।

# आभूषण चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा : चार गिरफ्तार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरदोई के प्रतिष्ठित ज्वैलरी शॉप पर हुई चोरियों का हरदोई पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। हरदोई पुलिस ने नगर में अतुल ज्वैलर्स व काशीनाथ सोमनाथ ज्वैलर्स के यहां हुई चोरी के मामले में खुलासा करते हुए गैर जनपद की चार महिला चोरों को गिरफ्तार किया है। एसपी राजेश द्विवेदी ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि 10 जनवरी को अतुल ज्वैलर्स के यहां अज्ञात महिला चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके संदर्भ में कोतवाली शहर में धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसपी हरदोई राजेश द्विवेदी ने आगे बताया कि उक्त चोरी की घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच के साथ शहर कोतवाली पुलिस को लगाया गया था। एसपी के अनुसार 25 फरवरी को आबिद पेट्रोल पंप के पास करीब 10 बजकर 45 मिनट पर पुलिस टीम ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। इसी दौरान पुलिस को पास खड़ी जाइलो कार पर सन्देह हुआ तो पुलिस ने उसमे बैठी महिलाओं को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। हरदोई पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने सीतापुर के काशीराम कालोनी निवासी रूबी उर्फ रेखा पत्नी छोटे, सन्नो कश्यप पत्नी सुनील कश्यप, पूनम पुत्री बंशीलाल व बट्टो निषाद पत्नी दिलीप निषाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने टीम न पकड़ी गई महिला चोरों के पास से 10 सोने के आभूषण, 102 ग्राम स्मैक, 2 अदद बुर्खे व आभूषण की ट्रे बरामद की हैं। उक्त महिला चोरों द्वारा बुर्खा पहनकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था।

# मतदान से ही मिलेगा संवैधानिक समानता और अधिकार

जौनपुर सू.वि. : अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को मोहम्मद हसन पी.जी कालेज के सभागार में ' वोट करेगा जौनपुर ' के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चलो मतदान करें, सबसे अधिक वोट करेगा जौनपुर आदि प्रेरक गीतों से पूरा हाल गूंज उठा। छात्र एवं छात्राओं ने रंगोली, स्लोगन बनाकर मतदान के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा और आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डा. अंकिता राज ने छात्रों को मतदान करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि इस बार जौनपुर 80 प्रतिशत मतदान करेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दुनियां का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत है। 1950 में हमे बिना किसी भेदभाव के मतदान करने का अधिकार मिला। आज लोकतंत्र है तभी हम सुरक्षित हैं। जितना अधिक वोट का प्रतिशत बढेगा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था उतनी ही अधिक मजबूत होगी। हम सभी को संकल्प लेना होगा कि 07 मार्च को सबसे पहले मतदान करेंगे तब दूसरा कोई काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जब आप बटन दबाएंगे तो आप सब के बराबर हो जाएंगे। लोकतंत्र की मजबूती में सबका बराबरी का अधिकार होता है। युवाओं को ऐसा माहौल बनाना है, जिससे सभी लोग मतदान के लिए अपने – अपने बूथों पर पहुंच जाएं। मतदान से वंचित होने का मतलब है कि आप लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित हो रहे हैं। यह बात परिवार के हर सदस्य को बताना है। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डा0 अंकिता राज ने कहा कि शिक्षा में जौनपुर सबसे आगे और विधानसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मदतान करके प्रदेश में अपना स्थान बनाएगा। लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी लोग अपने घरों से बाहर निकले और अपने मताधिकार का जरूर प्रयोग करें। उन्होंने छात्र छात्राओं को कहानी के माध्यम से जागरूक किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढेगा तो न केवल हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा बल्कि हम सभी का सम्मान बढेगा। जब हम सभी नैतिक दायित्व का प्रयोग करेंगे तो हमारा लोकतंत्र नए कलेवर में परिमार्जित होगा। 07 मार्च को सबसे मतदान उसके बाद दूसरा काम करना है। रेडक्रास सोसाइटी सचिव डा. मनोज वत्स ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करना सभी का दायित्व है। इस बार अधिक से अधिक संख्या में बूथ पर पहुंचकर मतदान करना है साथ ही अपने पास पडोस के लोगों को भी प्रेरित करना है। अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार ने सभी से कहा कि लोग बिना किसी डर के मतदान करने निकले। जनपद में पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था की गई है प्रत्येक बूथ पर पैरा मिलिट्री फोर्स तैनात की गई है। मतदान के दिन ऐसी व्यवस्था की गई है कि प्रत्येक बूथ पर 5 मिनट में पुलिस की टीम पहुंचेगी । पीएसी के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस सुरक्षा के लिए तैनात रहेगी। कालेज के प्राचार्य डा. अब्दुल कादिर खान ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट डालने की जिम्मेदारी निभाकर हम सब बेहतर समाज निर्माण कर सकेंगे। राष्ट्रनिर्माण के लिए मतदान बेहद जरुरी है। सारे काम छोडकर 07 मार्च को सभी हर मतदाता को मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करना है। अतिथियों को अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर मोहम्मद मुस्तफा ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की अपील की। राहुल और विलाल के गीतों से गूंजा हाल अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से मोहम्मद हसन पीजी कालेज के सौदागर हाल में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में राहुल पाठक, विवाल व तेजू के गीत वोट करेगा जौनपुर, सारे काम छोडकर सबसे पहले वोट दो प्रेरक गीत से पूरा हाल गूंज उठा। गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर लौटे कालेज के छात्र राजकुमार शुक्ल को डीएम ने सम्मानित किया। इंटर कालेज परिसर में छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली की डीएम ने निरीक्षण किया। मानव श्रृंखना बनाकर लोकतंत्री की मजबूती के लिए मतदान करने का संदेश दिया। इस मौके पर डा. जीवन यादव, मोहम्म अब्बास आदि मौजूद थे। संचालन डा. अजय कुमार सिंह ने किया। अंत में आभार ज्ञापन अमर उजाला के जिला प्रभारी अंकुर शुक्ला ने जताया।

# चेकिंग के दौरान एक लाख बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधान सभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की चेकिंग के दौरान शुक्रवार को एफएसटी टीम प्रथम ने दो पहिया वाहन की डिग्गी से एक लाख रूपये नगद बरामद किया। मामले में विभाग द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के पट्टीनरेन्द्रपुर चौराहे पर शुक्रवार को एफएसटी टीम प्रथम के मजिस्ट्रेट कपिल देव मिश्रा पुलिस के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थेद्यउसी दौरान क्षेत्र के भटौली गांव निवासी शिवम सिह पुत्र रमेश सिंह की दो पहिया वाहन की डिग्गी से एक लाख रूपये बरामद हुआ। जिसे टीम ने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी हैद्यटीम में सरपतहां पुलिस के उप निरीक्षक सच्चिदानन्द के साथ हेड कान्सटेबल विजय सिंह व अंगद शामिल रहे।

# मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत जौनपुर की जनता को जागरूक करने हेतु शहर कोतवाली से रैली का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह के निर्देश के क्रम में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद अर्बन जौनपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आनन्द प्रकाश द्वारा आशा बहुओं के साथ मतदान करने एवं मिशन इंद्रधनुष अभियान को लेकर जौनपुर की जनता को जागरूक करने के लिए शहर कोतवाली से रैली का आयोजन किया गया। रैली कोतवाली से होते हुए भण्डारी स्टेशन, खुरचनपुर होते हुए नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद पर समाप्त हुई। डॉ आनन्द प्रकाश ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष अभियान जिसमें टीकाकरण से इन्कार एवं छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पहले से चिन्हित कर इंद्रधनुष के 7 रंगों की तरह 7 दिन, 8 तारिख से 15 तारीख तक, में उनके क्षेत्र में पहुंचकर उन्हें वैक्सीन लगवायी जाएगी। 07 तारीख को मतदान और 8 तारिख से टीकाकरण करवाने हेतु जनता को प्रेरित किया गया। डॉ आनंद प्रकाश ने बताया की पहले जौनपुर शहर में मात्र 22 आशा की तैनाती थी जो अब बढ़कर 77 हो गयी है आशा जिन्हें स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ भी कहा जाता है निश्चित तौर से इनके आने से स्वास्थ्य सेवाओं को जनता तक पहुंचाने में बहुत मदद मिलेगी। रैली में डॉ आदित्य नाथ, अर्बन कोऑर्डिनेटर प्रवीण पाठक, यूनिसेफ से श्रीमती बेबी टीना, आलोक, श्रीमती नवचेतना, आशा श्रीमती शबनम बानो, श्रीमती रोशन जहाँ, श्रीमती आरती, श्रीमती रेशमा इत्यादि ने प्रतिभाग किया।

# यूक्रेन आने–जाने के लिए सभी कामर्शियल फ्लाईट बंद : अपर मुख्य सचिव

जौनपुर सू.वि. : अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा जारी किए गए अधिसूचना के अनुपालन में यूक्रेन में उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत यूक्रेन आने–जाने के लिए सभी कामर्शियल फ्लाईट बंद हैं। यूक्रेन का एयर स्पेस भी बंद है। भारतीय दूतावास कीव यूक्रेन में मौजूद सभी भारतीयों (भारतीय विद्यार्थियों व अन्य लोगों को सम्भावित मदद पहुँचाने के लिए प्रयासरत है। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय दूतावास कीव, यूक्रेन द्वारा हेल्पलाईन संचालित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के विद्यार्थी/व्यक्ति जो अभी यूक्रेन में हैं उन तक सहायता पहुँचाने के लिए विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय दूतावास कीव से समन्वय हेतु श्री रणवीर प्रसाद, आई.ए.एस. राहत आयुक्त एवं सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय दूतावास कीव, यूक्रेन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उत्तर प्रदेश के विद्यार्थी/व्यक्ति जो यूक्रेन में मौजूद हैं, उन्हें स्वदेश लौटने की कार्यवाही को फैसिलिटेट करेंगे। राज्य कन्ट्रोल रूम का (24×7) टोल फ्री हेल्पलाईन नं० (0522) 1070, मोबाईल सं० – 9454441081 होगा तथा ईमेल आई.डी. तींज/दपब.पद है। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय दूतावास कीव द्वारा समय–समय पर जारी किए जाने वाले एडवाईजरी का अनुपालन उत्तर प्रदेश के विद्यार्थी/व्यक्ति जो यूक्रेन में हैं, उनके द्वारा सुनिश्चित किए जाने का अनुरोध है।

## मेडिकल सेवा में स्थानीय भाषा का महत्वः डॉ शिवकुमार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर एवं गुरु नानक कॉलेज स्वायत्तशासी चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सात दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के छठवें दिन नवम् तकनीकी सत्र में विज्ञान में शिक्षण, शोध एवं रोजगार सृजन में मातृभाषा की उपादेयता विषय पर व्याख्यान हुआ। इस अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. वंदना राय ने कहा कि भारत में उच्च शिक्षा को लेकर बहुत चुनौती है। उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों में मातृभाषा के पाठ्यक्रम घ्के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि भाषा को लेकर असमानता की खाई बहुत बड़ी है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा देने वाले देशों की जीडीपी अधिक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उमानाथ सिंह स्वायतशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ) शिवकुमार ने कहा मेडिकल सेवा में स्थानीय भाषा का महत्व है। हालांकि चिकित्सा पाठ्यक्रम में मातृभाषा में पुस्तकों की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों और शोध के परिणाम के प्रकाशन से बहुत लाभ होता है लोगों को किसी भी प्रयोग की जानकारी मिल जाती है, मगर मातृभाषा के अभाव के चलते सभी लोग आसानी से नहीं समझ सकते।चिकित्सा विज्ञान में मातृभाषा की उपादेयता विषय पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक अधिकारी चिकित्सा विज्ञान संस्थान काशी हिंदू विश्वविद्यालय डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने कहा हर भाषा महत्वपूर्ण है उसे प्रमोट करने की जरूरत है ध। भाषा को लेकर कई देशों में क्रांति आई। भाषा जीवन है इसके प्रति जागरूकता जरूरी है। कार्यशाला डॉ. मनोज कुमार पांडेय और डॉ. डाली के संयोजकत्व में आयोजित है।




संचालन डॉ.मनोज पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन डॉली मौर्य ने किया। इस अवसर पर प्रो. रामनारायण, प्रो.देवराज सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ अवध बिहारी सिंह, ओमप्रकाश मिश्र, मंगल प्रसाद यादव, श्रीमती गुड़िया चौधरी, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा से रेखा वर्मा, डॉ. विजय पाटिल संदीप कुमार, सुरभि अवस्थी, दीप्ति मुद्गल, सुशील कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

## बच्चो ने ली शत प्रतिशत मतदान कराने की शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर बाजार स्थित गौरव शिक्षण संस्थान के बच्चों ने शिक्षको की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान कराने की शपथ ली। बता दें कि शुक्रवार को धर्मापुर बाजार स्थित गौरव शिक्षण संस्थान में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों व शिक्षको ने चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लेते हुए शपथ लिया। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक लाल जी यादव ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है। बिना डर भय के लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल हो। यदि कोई व्यक्ति लालच देकर आप का वोट लेना चाहता हो तो इसका तत्काल विरोध करें। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल राजा राम यादव, गौरव यादव, उषा शर्मा, महेंद्र यादव, मुमताज अहमद, रेनू यादव व संजय यादव मौजूद रहे।

## ढाई लाख के चक्कर मे गवा दिया 5 हजार : शाहपुर के अजय को ठग ने फोन पर दिया धोखा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थाना क्षेत्र के शाहपुर गाव के युवक अजय कुमार के मोबाइल पर फोन आया कि तुम ढाई लाख रुपये जीत चुके हो, बताये गए खाते में 11 हजार 5 सौ रुपये डाल दो, इतना सुनकर अजय खुश हो गया। वह काम कर रहा था भागकर गया एक पड़ोसी से 5 हजार रुपया डाल दिया। इसके बाद अपनी माँ से साढ़े छ हजार मांगने लगा। उसके पिता जी राम आसरे ने जब सुना तो वह लोगो से पूछा कि क्या ऐसा होता है तो लोगो ने ठगी होने की बात बताया। इस पर वह अपनी पत्नी को उसे पैसा न देने की बात कहते हुए अजय को बिगड़ गया। अजय ठग की बातों में से इतना प्रभावित हो गया था कि उसे लग रहा था कि वह कहा पा जाय पैसे को ठग के खाते में डाल दे। ठग से प्रभावित होकर वह लोगो से उधार साढ़े छ हजार खोजने लगा। लोगो ने उसे ठगी का शिकार होने की बात जोर देकर कहा तो उसने बताये गए नंबर पर फोन करने लगा तो नंबर बन्द हो चुका था। काम करके जीविका चलाने वाले पिता को पुत्र द्वारा ठगी का शिकार होने का बहुत गम है। हलाकि की साढ़े 11 हजार के बजाय सिर्फ 5 हजार ही गया। इस दौरान उसको ठग 25 लाख का उसके नाम का भरे चेक की फोटो भी दिखाया करता था। इस तरह आये दिन ठगों द्वारा नई तकनिक अपना कर आये दिन ठगी करते रहते है। प्रबुद्ध लोगो सहित बैंको से मेसेज द्वारा ठगों से सावधान रहने और और अपनी गोपनीयता दूसरे के शेयर न करने की बराबर जानकारी दिया जाता है। सीधे–साधे एवं काम पड़े युवक लालच के चक्कर मे अक्सर ठगी के शिकार हो जा रहे है।

## नारी शिक्षा चौपाल एवं मतदाता जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : नगर शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्राथमिक विद्यालय हैदरगंज परिसर में 'नारी शिक्षा चौपाल एवं मतदाता जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ0 अंकिता राज एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, सहायक शिक्षा निदेशक ( बेसिक ) अवध किशोर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं डीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिला बेसिक शिक्षा द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि डा0 अंकिता राज ने नारी शिक्षा पर बोलते एक कहानी एकता बल के माध्यम सभी में द्वारा 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी से एकजुट होकर 100 प्रतिशत मतदान की अपील की गई। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक वाराणसी, प्राचार्य जौनपुर द्वारा बच्चों की मनमोहक उपस्थिति को सराहते हुए बालक – बालिकाओं समान शिक्षा शिक्षा पर बल देते हुए सभी मतदान करने की अपील की गई। संयुक्त मजिस्ट्रेट सदर हिमांशु नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन के बच्चों की मनमोहक देशभक्ति प्रस्तुति को सराहते हुए कहा कि बच्चों की सैद्धांतिक शिक्षा के साथ–साथ व्यक्तित्व के विकास हेतु क्रिएटिव गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाय। पेट्रोलियम संघ के अध्यक्ष प्रदीप सिंह की कहा कि हम नगर क्षेत्र के विद्यालयों में क्रमशः भौतिक संसाधनों के विकास के लिए प्रयास करते रहेंगे। नगर शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह द्वारा नारी शिक्षा पर बोलते है नारी शक्ति का सदुपयोग कर घर में बढ़ाए तथा नारी अपने घर सभी लोगो शत – प्रतिशत मतदान अवश्य कराए। अंत मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नारी के महत्व को बताते हुए कहा जहाँ नारी का सम्मान होता है वहाँ देवता निवास करते है। हमारे बेसिक शिक्षा परिवार से आग्रह करते के महिलाओं की पूर्ण शिक्षा मार्गदर्शित करे कि वे कक्षा 8 के वे उच्च शिक्षा ले सके। हर अभिभावकों से अपील की किया बेटे और बेटियों को समान शिक्षा अवश्य दे। सभी अपील किया कि सभी लोग अपने परिवार जहां आपका वोट है वहाँ जाकर अवश्य वोट करें। एक अच्छे ध्सच्चे लोकतंत्र का प्राण उसके मतदाता है। सभी शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक अपने अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करें। मतदान की दिन भी बूथ पर रहकर शत प्रतिशत मतदान कराने में सहयोग करें। अंत में नगर शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति सहृदय आभार ज्ञापित किया। जिला बेसिक अधिकारी द्वारा नीतू सिंह, श्वेता सिंह, निधि श्रीवास्तव, कमलेश कुमारी, सीमा गुप्ता, बिंदु यादव, आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसआरजी डॉ0 अखिलेश सिंह, अजय कुमार मौर्य, श्वेता सिंह, रविकान्त, दुर्गेश, पंकज कुमार मौर्य, इंद्रजीत चौधरी, आदि उपस्थिति। संचालन नीतू सिंह ने किया।

## वीआईपी उम्मीदवार अशोक सिंह को पुलिस ने प्रचार करने से रोका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जैसे–जैसे पूर्वांचल की तरफ मतदान करीब आता जा रहा है विरोधी पार्टियां एक दूसरे को रोकने के लिए कई हथकंडे अपनाने लगी हैं। इसी कड़ी में जौनपुर के मड़ियाहूं से विकासशील इंसान पार्टी के उम्मीदवार अशोक सिंह के अनुसार रामपुर पुलिस थाना प्रभारी ओम नारायण सिंह ने उन्हें प्रचार करने से ही मना कर दिया।सिंह का कहना है कि थाना प्रभारी ने मुझे अपशब्द कहते हुए कहा कि क्या तुम कोई मंत्री या विधायक हो।पुलिस की हरकत से क्षुब्ध होकर वीआईपी उम्मीदवार अशोक सिंह ने रामपुर थाना के सामने धरना शुरू कर दिया और जौनपुर भदोही सड़क जाम कर दिया। इस संबंध में अशोक सिंह का कहना है की मैंने इसकी लिखित तहरीर पुलिस उपाधीक्षक मड़ियाहूं को दी। काफी देर तक सड़क जाम रहने पर सीओ ने आकर आश्वासन दिया कि मैं जांच करके थाना प्रभारी के खिलाफ एक्शन लूंगा। आप सड़क से हट जाएं। उनके आश्वासन पर वीआईपी के समस्त कार्यकर्ताओं ने सड़क से हट कर फिर से प्रचार प्रसार शुरू कर दिया। धरने के दौरान काफी देर तक सड़क जाम रहा ।धरना पर



बैठे वीआईपी के कार्यकर्ता थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग करते रहे। अशोक सिंह ने कहा कि यह विरोधियों की चाल है मेरी बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए विरोधी अब प्रशासन को मिलाकर हमें प्रचार से रोकना चाहते हैं। लेकिन मैं बता दूं मैं लोगों को जोड़ने के लिए मड़ियाहूं से चुनाव लड़ रहा हूं तोड़ने के लिए नहीं। इसलिए हर समुदाय हर समाज का सहयोग भी मुझे मिल रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से मैं बिल्कुल नहीं डर रहा हूं की जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है।

## शोभनाथ मंदिर जमालपुर मे चल रही संगीतमयी श्री राम कथा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शोभनाथ मंदिर जमालपुर गांव में संत मार्तण्ड जी महाराज के सानिध्य में सप्तदिवसीय भव्य संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा है। श्री राम कथा के दौरान मकनपुर सुरियावा से पधारे हुए प्रसिद्ध कथावाचक चन्द्र शेखरानन्द जी महाराज एवं गायक लोकनाथ जी व वादक शास्त्री गिरी महाराज के मुखारविंद से भक्तगण श्री राम कथा का सुंदर रसपान कर रहे हैं। श्री राम कथा के दौरान भगवान शिव तथा माता सती के जीवन चरित्र का सुंदर वर्णन कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। वहीं पर प्रसिद्ध कथावाचक ने कहा कि भगवान के दर्शन करने के लिए मनुष्य को भरत जैसा भक्त बनना पड़ेगा। उन्हें देखने के लिए संत जैसी दृष्टि चाहिए। भगवान केवल भाव के भूखे होते हैं। उन्हें सोने चांदी तथा पैसों से नही खरीदा जा सकता। भगवान को पाने के लिए सच्ची भक्ति की जरुरत होती है। श्री राम कथा को श्रवण करने के लिए दूरदराज से चलकर प्रतिदिन सैकड़ों भक्त आते हैं। श्रीराम कथा विगत 22 फरवरी से आगामी 28 फरवरी तक चलेगी। 1 मार्च महा शिवरात्रि को हवन पूजन तथा 2 मार्च को प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।उक्त श्री राम कथा मे ग्रामीण लोगों का महत्वपूर्ण योगदान कर रहे है।

## टी0डी0 इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दो पालियों में संम्पन्न हुआ

जौनपुर सू.वि. : विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु टी0डी0 इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 25 फरवरी 2022 से दो पालियों में सम्पन्न हुआ। विधानसभा क्षेत्र शाहगंज व जौनपुर आंशिक के कुल 440 पीठासीन अधिकारी, 440 प्रथम मतदान अधिकारी, 440 द्वितीय मतदान अधिकारी व 440 तृतीय मतदान अधिकारियो को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण 29 कमरों में 11–11 पोलिंग पार्टियों का बैच बनाकर कराया गया। प्रत्येक कमरों में मास्टर ट्रेनर द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा कमरों में ही ईवीएम मशीन का हैंड्स टू हैंड्स ट्रेनिंग भी कराया गया। ट्रेनिंग के उपरांत प्रत्येक पीठासीन अधिकारी तथा प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण के संबंध में एक संक्षिप्त परीक्षा ली गई इस परीक्षा में कुल 25 लिखित प्रश्न तथा 25 बहुविकल्पी प्रश्न शामिल किए गए थे। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रश्न पत्र की जांच कर उत्तीर्ण होने वाले पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को कमरे से बाहर जाने की अनुमति प्रदान किया गया। द्वितीय पाली के प्रशिक्षण में प्रेक्षक जौनपुर, मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी द्वारा टी0डी0 कॉलेज के सभी 29 कमरों में भ्रमण कर प्रशिक्षण व्यवस्था को देखा गया तथा कमरों में प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों को प्रशिक्षित भी किया गया। प्रेक्षक महोदय द्वारा कार्मिकों को पीपीटी में बताए गए निर्देशों को आत्मसात करके ईवीएम तथा वी0वी0पैट के प्रयोग में क्या सावधानियां बरती जाए के संबंध में अवगत कराया गया। प्रेक्षक महोदय द्वारा कमरा नंबर 18 व मार्कंडेय हाल में शिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारी तथा प्रथम मतदान अधिकारियों से मांकपोल के संबंध में प्रश्न पूछा समस्त पीठासीन अधिकारियों द्वारा मांकपोल के संबंध में सही जवाब देने पर उन्हें शाबाशी दी गई। सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि सभी लोग आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरसः पालन करेंगे तथा जिन बूथों पर आपकी ड्यूटी लगेगी वहां पर निष्पक्ष मतदान कराएंगे। यदि किसी भी कार्मिक द्वारा आयोग के निर्देशों की अवहेलना की जाती है तथा निष्पक्ष मतदान में बाधा उत्पन्न की जाती है तो उनके विरुद्ध आयोग द्वारा निर्धारित दंड की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। 25 फरवरी 2022 को प्रथम पाली में कुल 22 अनुपस्थित पाए गए। जिसमें 06 पीठासीन अधिकारी, 01 प्रथम मतदान अधिकारी, 07 द्वितीय मतदान अधिकारी व 08 तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित थे। विभागवार निम्न कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। बेसिक शिक्षा विभाग –10, जिला विद्यालय निरीक्षक–05, खण्ड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज–01, सिंचाई विभाग–01, पंचायती राज विभाग–02, विद्युत विभाग–01 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल 21 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिसमें 09 पीठासीन अधिकारी, 04 प्रथम मतदान अधिकारी, 04 द्वितीय मतदान अधिकारी तथा 04 तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित पाए गए अनुपस्थित पाए गए जिनका विभागवार विवरण निम्नवत है– बेसिक शिक्षा विभाग –09, जिला पंचायत राज अधिकारी–02, जिला विद्यालय निरीक्षक–06, अन्य–02 अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कर्मचारियों में फूलचंद, सुरेश यादव, लाल चंद गुप्ता, अंजलि सोनकर, संजय कुमार, विजय प्रकाश सिंह, इंदु गुप्ता, चंद्रबली यादव, गिरीश कुमार यादव, अजीत कुमार सिंह, सावित्री पाल, रामकृष्ण यादव, बंदना गौतम, रामधनी, रेनू गुप्ता, मिथिलेश कुमारी सिंह, रेनू सिंह, विनोद कुमार कनौजिया, चंदन शर्मा, संजय कुमार यादव, दिनेश प्रताप सिंह, कृष्णकांत यादव, जगदीश कुमार पांडेय, राम अनुज शुक्ला, संतोष शुक्ला, पन्नालाल, ब्रह्मदत्त यादव, संजू सिंह, विनोद कुमार पटेल, संगीता सिंह, रामजीत यादव, संतोष शुक्ला, त्रिलोक सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, मोनू विश्वकर्मा, रामाश्रय, कन्हैयालाल, रेखा, सुमन, राम गोविंद, मोहन श्रीवास्तव एवं दिनेश कुमार दुबे के विरुद्ध प्रथम प्राथमिकता रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष को निर्देशित प्रभारी अधिकारी कार्य के द्वारा किया गया। सभी अनुपस्थित कर्मचारियों के आज ही प्रथम प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

## प्रदेश में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, घूसखोरी समाप्त कर भयमुक्त वातावरण बनाई योगी सरकारः सुब्रत पाठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी की सांगठनिक बैठक विधानसभा मुंगराबादशाहपुर में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के पहले मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय एव डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि सुब्रत पाठक ने बूथ जीतो चुनाव जीतो पर जोर देते हुये कहा कि चुनाव प्रचार के समय हम लोगों ने जनता से वादा किया था कि प्रदेश में गुंडागर्दी भ्रष्टाचार घूसखोरी समाप्त कर भयमुक्त वातावरण बनाएंगे सभी वादों को योगी सरकार ने पूरा किया है आज गुंडा या तो जेल में है या प्रदेश छोड़ भाग गए है। अपराध से बनाई गई संपत्ति को सरकार ने जप्त किया सरकारी जमीन पर कब्जा हटाए गए सरकारी जमीन पर बने माफिया के अवैध महलों को सरकार ने तोड़वा दिया। आज पूरे प्रदेश की जनता सुकून से जी रही है । सुरक्षा व सुशासन पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है । माफियाओं की अट्ठारह सौ करोड़ की संपत्ति जप्त किया है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि कुछ चुनाव सिर्फ पांच साल के लिए होते हैं और कुछ चुनाव युग को बदलने वाले होते हैं। ऐसा चुनाव 2017 में हुआ



था, जिसने सपा की तानाशाही को उखाड़ फेंका था। अब 2022 का चुनाव भी वंशवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों की ताबूत पर अंतिम कील ठोकने का चुनाव है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्र ने की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, विधानसभा प्रभारी बालकृष्ण पाण्डेय, विधानसभा संयोजक महेंद्र विजय शुक्ला, धनन्जय सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजकुमार जायसवाल, मनीष त्रिपाठी, अरुण तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## कान्वेंट से बेहतर साबित हो रहे हैं परिषदीय स्कूल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज बीआरसी स्थित सभागार में आयोजित एफएलएन प्रशिक्षण शिविर में अध्यापकों को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा सुरेश पाण्डे ने कहा परिषदीय विद्यालय कान्वेंट स्कूलों से बेहतर साबित हो रहे हैं। भौतिक परिवेश के साथ–साथ शिक्षा का स्तर भी बेहतर हुआ है। परिषदीय विद्यालय के छात्र आईएएस पीसीएस बनकर देश की सेवा कर रहे हैं। अध्यापक प्राथमिक स्तर पर अबोध बच्चों को घर का माहौल देते हुए 2025 तक निर्धारित प्रेरण लक्ष्य को पूर्ण करें। छात्रों में उच्च स्तरीय कौशल का विकास, मौखिक भाषा विकास, ध्वनि, अक्षर, पहचान, पत्र लेखन के विकास के लक्ष्य को पूर्ण करें। अधिगम स्तर में वृद्धि हेतु पोस्टर, अवधारणा बोर्ड का प्रयोग करते हुए बच्चों को भौतिक परिवेश से जोड़कर शिक्षा प्रदान करें। इस दौरान एसआरजी डॉक्टर कमलेश यादव,एआरपी सत्यनारायण यादव, महेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार,शिक्षक संघ अध्यक्ष उमा नाथ यादव,केशव प्रसाद सिंह,राकेश सिंह, राजेंद्र यादव,राजेश उपाध्याय, अवनीश उपाध्याय, सरफराज अहमद सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## 80 लीटर नाजायज शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो व्यक्ति को नाजायज देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर थानाध्यक्ष ओम नारायण सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध वयक्ति को कोटिगांव नहर के पास खड़े थे । पुलिस को देखकर भागने लगे ।जिसको पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा लिया। पकड़े गये अभिव्यक्ति मे से एक महेश चौहान पुत्र रामजीत निवासी जीतापुर, सकरा थाना रामपुर के पास से 40 लीटर तथा दूसरे रामजीत पुत्र स्व.रामलखन निवासी जीतापुर ,सकरा थाना रामपुर के पास से 40 लीटर नाजायज देशी शराब बरामद किया गया। दोनों लोगों को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

## छात्र–छात्राओं को दिलाई गई मतदान के लिए शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के तालीमाबाद सबरहद स्थित फरीदुल हक मेमोरियल पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को आगामी विधानसभा चुनाव के दिन शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. तबरेज आलम ने सभी विद्यार्थियों को निर्भीक होकर मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों समेत समस्त विद्यालय स्टाफ और अध्यापकों को मतदान का महत्व याद दिलाया। कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मताधिकार का शत प्रतिशत प्रयोग करना जरूरी है। इसके बाद सभी को सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदान जागरूकता के संदेश लिखे पोस्टर हाथों में ले रखे थे। कार्यक्रम में एनएसएस के अधिकारी डॉ निजामुददीन, डॉ अनामिका पांडेय, डॉ राकेश सिंह, डॉ अमित कुमार गुप्ता, सूर्य प्रकाश यादव, रियाज अहमद और ओम प्रकाश चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## मतदान कार्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण तथा फैसिलिटेशन सेण्टर का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला आई०ए०एस० तथा मा०प्रेक्षक हिमांशु कौशिक, आई०ए०एस०, विधानसभा क्षेत्र– 366, जोनपुर द्वारा तिलकधारी इण्टर कॉलेज जौनपुर में मतदान कार्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण तथा फैसिलिटेशन सेण्टर का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों से प्राप्त किये गये प्रशिक्षण की जानकारी ली गयी तथा बैलेट यूनिट कन्ट्रोल यूनिट व बी०वी०पैट को आपस में संलग्न किये जाने का परीक्षण मतदान कार्मिकों से किया गया। कार्मिकों से प्रशिक्षण से सम्बन्धित असुविधाओं की भी जानकारी प्राप्त की गयी। फैसिलिटेशन सेण्टर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कार्मिकों के द्वारा पोस्टल वोट कास्ट की भी जानकारी ली गयी। प्रेक्षक महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी मतदान कार्मिको को बताया गया कि दो बैलेट यूनिट होने से किसी प्रकार की असुविधा हो तो मास्टर ट्रेनर्स से जानकारी प्राप्त कर लें। किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न हो। प्रशिक्षण में माकपोल तथा सी०आर०सी० की प्रक्रिया की भी जानकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों से ली गयी। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी बी बी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर डी यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर नगर में स्थित कमालपुर पकड़ी वार्ड में शुक्रवार को लोक जागरण मंच की तरफ से जन सम्पर्क अभियान चलाया गयाद्यजिसमें मतदाताओं को राष्ट्रहित में मतदान करने के लिए अपील किया गया। उन्हें मतदान की खूबियों को समझायाद्य कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए हर मतदाताओं का मतदान करने के लिए पहला फर्ज बनता है। जिससे देश हित में मजबूत लोकतंत्र स्थापित हो जाए। जन सम्पर्क में नगर प्रचारक आलोक प्रताप,नगर कार्यवाह जितेंद्र कुमार व सह नगर कार्यवाह शिव कुमार लल्ला आदि थे।

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा 12 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व वारांटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खेतासराय जौनपुर मय हमराह द्वारा आज दिनाँक–26.02.2022 को 12 नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताद् 1.छबीले बिन्द पुत्र मिठाई बिन्द निवासी पोरईखुर्द थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2. जियालाल बिन्द पुत्र कोल्हाऊ बिन्द निवासी पोरईखुर्द थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3. श्यामपति पुत्र स्व0 बनारसी निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4. गुलशन कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 5. मुखई प्रजापति पुत्र रामनिरंजन प्रजापति निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 6. मो0 दानिश पुत्र मो0 फारूक निवासी सुम्बुलपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 7. धर्मेन्द्र कुमार पुत्र सीताराम निवासी खलौतीपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 8. सोहराब उर्फ सोनू पुत्र स्व0 मोहम्मद उस्मान निवासी वार्ड नं0 9 गोला बाजार थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।9. मुकेश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी अहिरो परशुरामरामपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 10. सरिता देवी पत्नी अवधेश कुमार निवासी अहिरो परशुरामरामपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 11. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र सुमिरन निवासी अहिरो परशुरामरामपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 12.दीपचन्द्र पुत्र राधेश्याम बिन्द निवासी फरीदपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.श्रीप्रकाश राय,थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 राजेश कुमार मिश्र थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 सत्येन्द्र कुमार सिंह, का0 छट्टू यादव, का0 दिनेश यादव, का0 दिनेश सरोज, का0 अरमनाथ यादव, म0का0 अन्तिमा सिंह व ननकाई देवी थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

# यूपी के रण में अयोध्या से संगम तक कसौटी पर मुद्दे : इस चरण में दिलचस्प हैं सियासी धाराएं

लखनऊ ब्यूरो : चुनाव अब दिलचस्प मोड़ पर आ पहुंचा है। वह दौर जहां चुनावी इम्तिहान के साथ ही भगवा ब्रिगेड की प्रयोगशाला की भी परीक्षा है। वह प्रयोगशाला जिसने हिंदुत्व को गढ़ा। वह प्रयोगशाला जिसने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रंग को गाढ़ा किया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक के तौर पर अयोध्या को पेश किया। अब अयोध्या के दिल में क्या है, उस पर सियासी प्रयोगशालाओं से निकले नारों, मुद्दों का कितना असर हुआ, इन सबकी परीक्षा इसी चरण में होगी।... तो इसी चरण में प्रयागराज भी मतदान करेगा। वह प्रयागराज जहां की संगम की रेती से निकला हिंदुत्व का संदेश देश–दुनिया में पहुंचता है। तो यहां से सियासत की भी कई अविरल धाराएं निकलीं। विधानसभा चुनाव अब उस पड़ाव पर पहुंच चुका है जहां भाजपा की धार्मिक व सांस्कृतिक प्रयोगशालाएं हैं। इन प्रयोशालाओं के उत्थान की गवाह अयोध्या से लेकर संगम नगरी और चित्रकूट तक तमाम मुद्दे मतदाता की कसौटी पर होंगे। सांस्कृतिक महत्व के स्थानों के साथ ही उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, नंदगोपाल नंदी, रमापति शास्त्री के कामकाज को भी मतदाता तौलेगा। कांग्रेस और रघुराज प्रताप सिंह की भी अपने गढों में परीक्षा होगी। कैसरगंज सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के बेटे प्रतीक भूषण सिंह तो चुनावी मैदान में हैं ही, उनकी पसंद पर कई सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे गए हैं तो कई पर काफी विरोध के बावजूद पुराने बनाए रखे गए हैं। इसलिए उनकी साख का भी इम्तिहान होगा। सत्ताधारी दल भाजपा व मुख्य प्रतिपक्षी सपा के दावों–प्रतिदावों के बीच आधे से अधिक सीटों के चुनाव हो चुके हैं। पश्चिम के मैदान से मध्य होते हुए अवध तक पहुंचे सियासी घमासान में जनता का मिजाज खुलता जा रहा है। एक तरफ मुस्लिम–यादव की एकजुटता के साथ बेरोजगारी, महंगाई और कर्मचारियों की आकांक्षाओं को मुद्दा बनाकर सत्ता तक पहुंचने की जद्दोजहद है, तो दूसरी ओर गरीबों को मुफ्त राशन ने तमाम जगहों पर जातीय व साम्प्रदायिक गोलबंदी तक को पीछे छोड़ दिया है। किसानों को 6000–6000 रुपये की वार्षिक सहायता, बुजुर्गों को पेंशन, गरीबों को मकान, शौचालय के साथ महिलाओं व खासकर स्कूली बेटियों को बेहतर महसूस होती कानून–व्यवस्था व माफिया के खिलाफ हुई कार्रवाइयों की बड़ी ताकत नजर आ रही है। अयोध्या : भाजपा और संघ ने झोंकी ताकत अयोध्या का सियासी मिजाज बेहद दिलचस्प है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक को बचाने के लिए अब संघ, सरकार और संगठन ने पूरी ताकत अयोध्या में झोंक दी है। आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारकों ने अयोध्या में डेरा डाल रखा है। वहीं, भाजपा ने नोएडा के सांसद महेश शर्मा, जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारियों को अयोध्या का एक–एक घर साधने के लिए वहां तैनात किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 फरवरी को अयोध्या में रोड शो और सभा कर चुके हैं। स्टेशनरी कारोबारी रमेश श्रीवास्तव का मानना है कि सपा के तेज नारायण पांडेय के मैदान में उतरने से मुकाबला रोचक हुआ है, लेकिन मोदी–योगी के नाम और अयोध्या की लाज बचाने के लिए संघ ने जो मुहिम छेड़ी है वह मतदान के दिन तक भाजपा की स्थिति को मजबूत कर देगी। गोसाईंगंज में भी मुकाबला दिलचस्प है। जेल में बंद पूर्व भाजपा विधायक खब्बू तिवारी की पत्नी आरती यहां से मैदान में हैं। वहीं सपा ने बाहुबली अभय सिंह को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच हुए तनाव से चुनावी मुकाबला भी कांटे का बन गया है। मिल्कीपुर, रुदौली में कांटे की टक्कर अयोध्या की मिल्कीपुर (सु.) सीट में भाजपा के मौजूदा विधायक बाबा गोरखनाथ और सपा के अवधेश प्रसाद के बीच सीधा मुकाबला है। बाबा गोरखनाथ को स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन संघ, संगठन और सरकार के ट्रिपल इंजन से बाबा को पावर मिल रही है। रुदौली सीट पर भाजपा के रामचंद्र यादव और सपा के आनंद सेन यादव के बीच सीधा मुकाबला है। लेकिन सपा छोड़कर बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक अब्बास अली चांद ने मुस्लिम वोट बैंक, तो कांग्रेस के दयानंद शुक्ला ने ब्राह्मण वोट बैंक में सेंध लगाकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया है बाराबंकी : सभी छह सीटों पर अलग–अलग समीकरण बाराबंकी की सभी छह सीटों पर सपा और भाजपा के बीच कांटे का मुकाबला है। कुर्सी में सपा के राकेश वर्मा और भाजपा के साकेंद्र वर्मा में कुर्मी मतदाताओं के बंट जाने से यहां की जंग दिलचस्प हो गई है। सपा यहां मुस्लिम, यादव वोट बैंक पर निर्भर है, तो भाजपा ब्राह्मण–ठाकुर के मतों के भरोसे है। क्षेत्र में दलित मतदाता निर्णायक भूमिका अदा कर सकते हैं। राम नगर में सपा के फरीद महफूज और भाजपा के मौजूदा विधायक शरद अवस्थी के बीच मुकाबला है। बाराबंकी और जैदपुर (सु.) सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। दरियाबाद में भाजपा विधायक सतीश शर्मा और सपा के पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप के बीच सीधा मुकाबला है। हैदरगढ़ में सपा के राममगन और भाजपा के दिनेश रावत के बीच सीधा मुकाबला है। बहराइच : कहीं सीधी, कहीं त्रिकोणीय लड़ाई बहराइच की प्रतिष्ठापूर्ण सदर सीट पर पूर्व बेसिक शिक्षामंत्री अनुपमा जायसवाल भाजपा उम्मीदवार हैं। सपा ने पूर्व मंत्री व मटेरा सीट से विधायक यासर शाह को उतारा है। बसपा से नईम अहमद खान त्रिकोण बनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। बहराइच से सटी मटेरा सीट से यासर शाह विधायक हैं। सपा ने यासर की पत्नी मारिया शाह को यहां से प्रत्याशी बनाया है। पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरुणवीर सिंह यहां से 1595 वोटों से हारे थे। इस बार अरुणवीर फिर भाजपा से मैदान में हैं। बसपा से आकिब खान व कांग्रेस से अली अकबर 'पप्पू' प्रत्याशी हैं। यहां सीधी दिखने वाली लड़ाई में बसपा व कांग्रेस प्रत्याशियों का प्रदर्शन नतीजे के लिए अहम होगा। पयागपुर में भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी व सपा से पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, बलहा में भाजपा विधायक सरोज सोनकर व सपा के अक्षयवर नाथ कनौजिया के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। ऐसे ही नानपारा में भाजपा की सहयोगी दल अपना दल (एस) के राम निवास वर्मा, सपा से पूर्व विधायक माधुरी वर्मा व बसपा के हकीकत अली के बीच त्रिकोण की स्थिति दिख रही है। लेकिन, महसी की चुनावी जंग कुछ हटकर है। यहां भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के सामने सपा ने पूर्व विधायक केके ओझा, बसपा ने दिनेश शुक्ला व कांग्रेस ने राजेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, यहां भी आमने–सामने की लड़ाई बनती दिख रही है। कैसरगंज : दुविधा में मुस्लिम मतदाता बहराइच के कैसरगंज में भाजपा ने सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा का टिकट काटकर उनके बेटे गौरव वर्मा को प्रत्याशी बना दिया। सपा ने पहले पड़ोसी जिले गोंडा के मसूद आलम को प्रत्याशी बनाया था। बाद में मसूद का टिकट काट कर आनंद यादव को दे दिया। इससे यहां मुस्लिमों के एक तबके में नाराजगी है। बसपा ने स्थानीय मुस्लिम चेहरा बकाउल्ला को टिकट दिया है। मुस्लिमों के इस उधेड़बुन में यहां की लड़ाई दिलचस्प हो गई है। यहां त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। गोंडा : ब्रजभूषण की प्रतिष्ठा दांव पर गोंडा में सात सीटें हैं। लोगों का कहना है कि यहां कोई भी सियासी समीकरण ब्रजभूषण शरण सिंह को बिना ध्यान में रखे तय नहीं हो सकता। गोंडा सदर से वह अपने बेटे प्रतीक भूषण सिंह को फिर टिकट दिलाने में सफल रहे हैं। लेकिन, यहां प्रतीक को पूर्व मंत्री स्व. विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह के भतीजे व सपा प्रत्याशी सूरज सिंह से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां सांसद ब्रजभूषण व पूर्व सांसद केतकी सिंह को बेटे के लिए मोहल्ले–मोहल्ले दस्तक देनी पड़ी। कर्नलगंज में विधायक अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भइया का टिकट कटने के बाद ब्रजभूषण अपने खास समर्थक अजय सिंह को दिलाने में कामयाब रहे। लल्ला अपने बेटे का टिकट चाहते थे। भाजपा से टिकट कटने के बाद लल्ला भइया का परिवार कर्नलगंज के सपा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह के समर्थन में आ गया। यहां कर्नलगंज व परसपुर के क्षेत्रवाद का मुद्दा भी सरगर्म है। मनकापुर सीट से समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री व सपा से पूर्व विधायक रमेश गौतम तथा तरबगंज में भाजपा विधायक प्रेम नारायण पांडेय व सपा के राम भजन चौबे के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। कटरा बाजार में भाजपा विधायक बावन सिंह व सपा के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे के बीच आमने–सामने की लड़ाई नजर आ रही है। बसपा प्रत्याशी विनोद शुक्ला कई जगह त्रिकोण बनाते दिख रहे हैं। गौरा में भाजपा विधायक प्रभात वर्मा को पूर्व विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी राम प्रताप सिंह व सपा के संजय विद्यार्थी से चुनौती मिल रही है। इसी तरह मेहनौन में भाजपा विधायक विनय द्विवेदी व सपा की पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला के बीच कांग्रेस के कुतबुद्दीन खां त्रिकोण बनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। श्रावस्ती में घमासान, भिनगा में सपा–भाजपा की एक जैसी चुनौती श्रावस्ती जिले में दो सीटें हैं। श्रावस्ती से भाजपा विधायक रामफेरन पांडेय के सामने भिनगा के विधायक मो. असलम रायनी सपा प्रत्याशी हैं। यहां भाजपा के लिए बसपा प्रत्याशी नीतू मिश्रा तो सपा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व विधायक हाजी मो. रमजान तगड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। भिनगा से भाजपा से पूर्व सांसद पदमसेन चौधरी व सपा से पूर्व विधायक इंद्राणी वर्मा आमने–सामने हैं। यहां बसपा से अलीमुद्दीन व कांग्रेस से गजाला चौधरी ने लड़ाई को रोचक बना दिया है। प्रयागराज : सभी सीटों पर युवा तय करेंगे चुनाव की दिशा प्रयागराज की सभी 12 सीटों पर कौन उम्मीदवार कितने पानी में है, यह बहुत कुछ स्पष्ट हो चुका है। जिले की ज्यादातर सीटों पर इस बार मुकाबला सत्ताधारी भाजपा और सपा में ही नजर आ रहा है। शहर उत्तरी सीट पर बेहद दिलचस्प मुकाबला है। भाजपा का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर भगवा खेमे को कांग्रेस से कड़ी चुनौती मिल रही है। हंडिया, फाफामऊ और बारा में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। इन सीटों पर बसपा भी मजबूती से लड़ रही है। शहर पश्चिम, शहर दक्षिण, करछना, फूलपुर, प्रतापपुर, सोरांव और मेजा सीट पर भाजपा या उसके सहयोगी दल की सपा से आमने–सामने की लड़ाई है। कोरांव में अलबत्ता चतुष्कोणीय मुकाबला है। हालांकि इन सभी 12 विधानसभा सीटों में चुनाव की कमान इस बार भी युवाओं के हाथ में होगी। पूरे जिले में करीब 50 फीसदी मतदाता 40 वर्ष से कम आयु के हैं। प्रतापगढ़ : किसका चलेगा प्रताप प्रतापगढ़ में सबसे हॉट सीट कुंडा है। यहां सभी दलों की लड़ाई रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से है। वहीं, कांग्रेस के गढ़ रामपुर खास में आराधना मिश्रा पर भी सबकी नजरें हैं। सपा ने यहां प्रत्याशी नहीं उतारा है। बसपा और भाजपा इस दुर्ग को ढहाने के लिए पूरा जोर लगाए हुए हैं। पट्टी में मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह को सपा के रामसिंह पटेल से कड़ी चुनौती मिल रही है। सदर, विश्वनाथगंज और रानीगंज में भाजपा गठबंधन की सपा से लड़ाई है।

## कार्मिकों का प्रशिक्षण 26 फरवरी 2022 को टी०डी० इण्टर कालेज जौनपुर में सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व/प्रभारी अधिकारी पोस्टल मतपत्र रजनीश राय ने अवगत कराया है कि विधानसभा सामान्य विधान सभा निर्वाचन–2022 में बूथों पर मतदान कराये जाने हेतु ड्यूटी पर लगाये गये कार्मिकों का प्रशिक्षण 26 फरवरी 2022 को टी०डी० इण्टर कालेज, जौनपुर में सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण लेने वाले कार्मिकों को पोस्टल बैलट मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु प्रशिक्षण केन्द्र पर ही विधानसभावार मतदान केन्द्र बनाकर मतदान कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन 26 फरवरी 2022 को विधान सभा बदलापुर में 195, शाहगज में 133, जौनपुर में 282, मल्हनी में 274 मुंगराबादशाहपुर में 94, मछलीशहर (सु०) में 126, मड़ियाहूं में 117, जफराबाद में 199 तथा विधान सभा केराकत (सु०) में 134 मतः पोस्टल बैलेट द्वारा डाला गया है। पोस्टल बैलेट मतदान नियमासनुसार शान्तिपूर्वक पूरे पारदर्शिता के साथ डाला जा रहा है। इसी प्रकार आगे भी कार्मिकों के प्रशिक्षण के दिन बूथों पर लगाये गये कार्मिकों द्वारा पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से प्रशिक्षण केन्द्र पर बनाये गये विधानसभावार केन्द्र पर कार्मिकों से मतदान नियमानुसार कराया जायेगा।

# जनता का राशन खा जाने वालों का हिसाब करता है हमारा बुलडोजर : सीएम योगी

अंबेडकरनगर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंबेडकरनगर के कटेहरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग जनता का राशन खा जाते थे। हमारा बुलडोजर उनका हिसाब करता है। बुलडोजर विकास तो करता ही है साथ ही अन्याय करने वालों को दुरुस्त भी करता है। उन्होंने पूर्ववर्ती सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले यूपी दंगों के कारण बदनाम होता था। अब विकास की बात होती है। हमने कोरोना में दो बार सबको राशन दिया। 2017 के पहले यह राशन सपा के गुर्गे खा जाते थे। उससे पहले हाथी खा जाता था। उन्होंने कहा कि सपा ने रामभक्तों का अपमान किया है। इस बार फिर सत्ता में आए तो जनता को पहले से ज्यादा लाभ देंगे। बसपा छोड़कर सपा में आए लालजी वर्मा पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री योगी




ने कहा कि जिनका वजन हाथी नहीं संभाल पाया तो साइकिल वैसे भी पंचर हो जाएगी।

## 'बच्चे अपने माता–पिता व घर के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें'

जौनपुर सू0वि0 : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु ग्राम मेहरावां, इटौरी, सोनिकपुर, उड़ली आदि गांव में चुनावी पाठशाला चुनावी चौपाल आयोजित कर मतदाताओं को 7 मार्च को मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। जागरूकता को लेकर बस्ती व विद्यालय में पाठशाला/चौपाल लगाई गई। प्रभारी नोडल संकुल रुपेश सिंह ने लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाता स्वयं मतदान करें तथा अपने परिवार व समाज के सभी लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करें। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने मतदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि लोगों को अपने घरों से निकल कर मतदान करने व मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए प्रेरित करना और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक मतदाता के रुप में सामने लाना है। लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए सभी मतदाता मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी ऐप है। तथा अन्य सभी आप लोग अपने स्मार्टफोन से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर अपना नाम, मतदान स्थल, क्रमांक संख्या आदि देख सकते हैं। अब बहुत आसान हो गया है अगर मतदाता पहचान पत्र आपके पास नहीं है तो आप बैंक पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड आदि से वोट डाल सकते हैं। कोई भी मतदाता छूटे न, अपना कर्तव्य निभाते हुए 7 मार्च को वोट अवश्य



करें। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राएं बच्चे अपने माता–पिता व घर के अन्य सदस्यों को मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाते हुए उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित व उत्साहित करें। लोगों को मतदाता की शपथ दिलाते गई। व लोगों ने 7 मार्च को मतदान करने हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर रजनीश सिंह, उमेशचंद्र पाठक, रंजना राणा, प्रियंका कुमारी, पंकज देव मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, मातादीन, आदि सहित गांव के लोग उपस्थित रहे।

# जौनपुर में जया बच्चन बोलीं– तीन भाभियों की देवरों से मांग : भाजपा की सरकार को उखाड़ दो

जौनपुर ब्यूरो : जौनपुर समाजवादी पार्टी की स्टार प्रचारक डिंपल यादव और राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने शनिवार को जौनपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। दोनों ने मड़ियाहूं में सपा प्रत्याशी सुषमा पटेल और मछलीशहर में डा. रागिनी सोनकर के पक्ष में चुनावी सभा कर जनता से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान डिंपल यादव ने जहां समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर अच्छे दिन के सपने दिखाए, वहीं जया बच्चन ने कहा कि डिंपल प्रदेश की छोटी बहू हैं और मैं बड़ी। हमें बहुत अच्छा लग रहा है जब हम तीन बहुएं एक मंच आ गए हैं। उन्होंने युवाओं की तरफ हाथ उठाकर कहा कि भाभी–भाभी का नारा ही लगाएंगे या सम्मान के लिए कुछ करेंगे भी। आपका हक बनता है कि देवर लोग हम सबके लिए कुछ करें। आपलोग इस चुनाव में भाजपा की सरकार उखाड़ कर फेंक दें। इसके लिए सात मार्च को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें। मुख्यमंत्री पर जया बच्चन ने कसा तंज उन्होंने कहा कि भाजपा की उत्तर प्रदेश व केंद्र में सरकार है। ये लोग महिला सुरक्षा की बात करते हैं, मगर जब भी महिलाओं पर संकट आता है तब यह कुछ नहीं करते। इसके बाद जया बच्चन ने मुख्यमंत्री पर हमला बोला। कहा कि सूबे के मुखिया भगवा रंग पहनकर ढोंग करते हैं। लेकिन इस बार यूपी की जनता उन्हें तीर्थ यात्रा पर भेज देगी। उन्होंने कहा, योगी हो करके अगर उन्होंने त्याग कर दिया है तो फिर मुख्यमंत्री पद का लालच क्यों है। भोग के लिए यहां



क्यों बैठे हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जिसका खुद का परिवार नहीं है वह परिवार की अहमियत क्यों समझेगा। परिवारवाद का आरोप लगाने वाले परिवार की कीमत नहीं समझ सकते। आजादी के 75 साल हो गए। शहरों के नाम बदलने से क्या लोग बदल जाएंगे। अखिलेश ने जो उत्तर प्रदेश को बनाया था उसे भाजपा वाले नष्ट करने की योजना बना रहे हैं। डिंपल यादव ने महंगाई कम करने का किया वादा वहीं, डिंपल यादव ने कहा कि सपा की सरकार बनने पर महिला पुलिस इकाई का गठन किया जाएगा। यूपी पुलिस में 33 प्रतिशत महिलाओं आरक्षण दिया जाएगा। चुनाव परिणाम आने के बाद डीजल–पेट्रोल और गैस के दाम कम होंगे। प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज कायम होगा। क्राइम दर घटेगा। सांड़ से जिसकी जान जाएगी उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सरकार गठन के बाद 22 लाख नौकरी और इंटर पास छात्राओं को 36 हजार रुपये एकमुश्त देने का काम करेंगे।

# अमौसी एयरपोर्ट पर पांच तस्करों से 2.4 किलो सोना पकड़ा

लखनऊ ब्यूरो : अमौसी एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने दुबई से पहुंचे पांच तस्करों को गिरफ्तार कर 2.49 किलो सोना बरामद किया। इसकी कीमत 1.31 करोड़ रुपये है। कस्टम कमिश्नर वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि पांचों तस्कर दुबई की फ्लाइट एफ जेड 433 से आए थे। शक होने पर पहले तीन लोगों को एयरपोर्ट पर रोककर पूछताछ की गई। इनसे सोना बरामद हुआ। तस्करों ने सोने के बुरादे में जेली मिलाकर पेस्ट बना लिया था। इसके बाद इसे पैंट में कमर की ओर भीतर से सिल दिया था। पूछताछ में पता चला कि इनके अलावा दो और यात्री दुबई से सोना लेकर आए हैं। फिर उन्हें भी



गिरफ्तार किया गया। इनसे भी सोना बरामद हुआ। यह सोना अमौसी एयरपोर्ट के बाहर किसी को देना था। तस्करों के पकड़े जाने के बाद सोना लेने आए लोग भी रफूचक्कर हो गए।

## कल वाराणसी आ रहे पीएम मोदी : हर मंडल के पदाधिकारियों से लेंगे फीडबैक

वाराणसी ब्यूरो : विधानसभा चुनाव में भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं को प्रबंधन का गुर सिखाने एक दिवसीय दौरे पर 27 फरवरी को अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंडल के हर पदाधिकारी से फीडबैक लेंगे। सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी कार्यकर्ताओं के बीच जाएंगे। इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर प्रत्येक मंडल के हिसाब से 37 ब्लाक बनाए गए हैं। ब्लाक के बीच बने 15 फीट के रास्ते से ई कार्ट पर बैठकर पीएम कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में पूर्वांचल के चुनाव अभियान में जुटे प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री 27 फरवरी को करीब तीन घंटे के प्रवास पर वाराणसी आएंगे।



वह 27 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे विशेष विमान से बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से हेलीकाप्टर से पुलिसलाइन आएंगे। पुलिस लाइन से सड़क मार्ग से विश्वविद्यालय जाएंगे। भाजपा इस रूट पर रोड शो की तैयारी में जुटी है। विश्वविद्यालय में करीब 20 हजार बूथ पदाधिकारियों के सम्मेलन में मंडल के हिसाब से कार्यकर्ताओं को बैठाया जाएगा। इसके लिए शहर के 13 और जिले के 20 मंडल के 20 हजार 113 कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की गई है। पीएम संवाद से पहले प्रत्येक मंडल के कार्यकर्ताओं के बीच जाएंगे। पीएम के संबोधन के बाद एक बड़ी बैठक यहां होगी। इसमें पूर्वांचल के चुनाव प्रचार अभियान की रणनीति तैयार होगी। उधर, तैयारियों में जुटे पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक गुजरात के प्रदेश संगठन मंत्री रत्नाकर ने की। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के आगमन से पहले सभी तैयारियों को पुख्ता कर लें ताकि किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। प्रधानमंत्री के आगमन को देख छोटी से छोटी चीजों पर बारीकी से ध्यान रखें और एक–दूसरे से समन्वय बना कर रखें ताकि कार्य में आसानी हो। पीएम मोदी की प्रमुख बैठक बूथ पदाधिकारियों के साथ है। जिन पदाधिकारियों को बैठक में हिस्सा लेना है, उनके पास समय रहते ही प्रवेशिका पहुंचा दी जाए और उनके लाने और ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी कि बूथ पदाधिकारी पार्टी की टोपी और पटका पहनकर झंडे के साथ समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाएं। देर शाम मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल, पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश और भाजपा की ओर से कार्यक्रम संयोजक अशोक चौरसिया, धर्मेंद्र सिंह, नवरतन राठी, जगदीश त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने तैयारियों का जायजा लिया।

## थाना चन्दवक पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व वारांटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व



क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में दिनांक 26.02.2022 को थानाध्यक्ष श्री राजाराम द्विवेदी के नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0स0–220/21 धारा–307/504/506/120बी भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त आशीष शर्मा पुत्र स्व0 नन्दलाल शर्मा निवासी परसूपुर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को अहिरोली से गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1.आशीष शर्मा पुत्र स्व0 नन्दलाल शर्मा निवासी परसूपुर थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 2.मु0अ0स0–220/21 धारा–307/504/506/120बी भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1.उ0नि0 अरुण पाण्डेय थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 रामचन्दर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 दिनेश मौर्य थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।4.का0 जयप्रकाश यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।